Publication : Dainik Bhaskar	Edition : Chandigarh
Date : September 18, 2018	Page: Pg8

लड़कियों के लिए पीएनबी ने शुरू किया दामिनी प्रोजेक्ट

लड़कियों की शिक्षा पर खर्च, यौन शोषण से बचाव व मासिक धर्म के समय स्वच्छता पर होगा काम

भास्कर संवाददाता | मोगा

मोगा जिले में जन्में शहीद लाला लाजपत राय के प्रयत्नों से आजादी से पहले शुरू हुए पंजाब नेशनल बैंक ने गरीब व जरूरतमंद लड़कियों व महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट दामिनी-पहल को मोगा से शुरू किया है। पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से इसका शुभारंभ सोमवार को सरकारी प्राइमरी स्कूल दुन्नेके में किया गया। केसी महिंद्रा एजुकेशन ट्रस्ट के प्रोजेक्ट नन्ही कली के सहयोग से दामिनी-पहल के तहत जिले में सुविधाओं से वंचित 1000 बालिकाओं को उनकी शिक्षा के लिए सहायता दी गई। सोमवार को पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अपनी दामिनी-पहल प्रोजेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की। इस प्रोजेक्ट के तहत देश के अर्ध शहरी और ग्रामीण इलाकों में सुविधाओं से वंचित बालिकाओं और महिलाओं की सहायता करने और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

प्रोजेक्ट दामिनी लांच करते निपुण कौशल व अन्य।

इस साझेदारी की घोषणा करते हुए पीएनबी मेटलाइफ के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर निपुण कौशल ने बताया कि इसके तहत पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का फोकस बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने पर रहेगा, साथ ही उन्हें यौन शोषण से बचने और मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। महिलाओं को उद्यमिता के बारे में शिक्षित करते हुए उन्हें वित्तीय तौर पर मजबूत बनाने का प्रयास भी किया जाएगा। इस दिशा में पहले कदम के रूप में प्रोजेक्ट नन्ही कली के साथ साझेदारी की गई है।